**भारत सरकार**
**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**
**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं.: 583**
**उत्तर देने की तारीख: 03.02.2026**

**छात्रवृत्ति कोष में वृद्धि**

**583. श्री अमरा रामः**

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का महंगाई को देखते हुए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति को बढ़ाने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ख) क्या सरकार का प्रत्येक छात्र को मासिक आधार पर छात्रवृत्ति देने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री**
**(श्री रामदास आठवले)**

**(क):** अनुसूचित जातियों (एससी), अनुसूचित जनजातियों (एसटी) और अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) के लिए योजनाओं में मूल्यांकन अध्ययन रिपोर्टों की सिफारिशों के आधार पर, संबंधित मंत्रालयों/विभागों सहित सभी हितधारकों के साथ परामर्श करके और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अगले वित्तीय चक्र के लिए संशोधन किया जा रहा है।

**(ख):** वर्तमान में, ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****